हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

जिले के मंदिर और झरने अब पहुंचेंगे विश्व पटल पर 13



खत्म नहीं हो रहा तहसील दफ्तर का फेरा 14





विधायक अजय चंद्राकर के नेतृत्व व नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर के सतत प्रयास से मिली बड़ी सौगात

# गौरवपूर्ण क्षण : कुरुद को मिला नगर पालिका का दर्जा




हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

छत्तीसगढ़ की उन्नतिशील नगर पंचायत कुरुद के लिए यह क्षण गौरवपूर्ण है क्योंकि अब नगर पंचायत को नगरपालिका का दर्जा मिल गया है। 13 अगस्त को छत्तीसगढ़ के राजपत्र में इसकी अधिसूचना जारी कर राज्य सरकार ने इसकी घोषणा कर दी है। यह क्षेत्र के विधायक अजय चन्द्राकर के नेतृत्व व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर के सतत प्रयास से संभव हो पाया है।

गौरतलब है कि कुरुद को नगर पालिका का दर्जा सिर्फ एक प्रशासनिक फैसला नहीं बल्कि कुरुद के सालों की उम्मीदों की पूर्ति है जो पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री चंद्राकर के दूरदृष्टि, समर्पण और मजबूत नेतृत्व से संभव हो सका है। पालिका का दर्जा दिलाने नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर द्वारा नगर परिषद की पहली बैठक में पालिका निर्माण के लिए संकल्प प्रस्ताव लाया गया। प्रस्ताव को सदन के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। तत्पश्चात विधायक अजय चंद्राकर द्वारा शासन को अनुशंसा भेजा गया, जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने संवेदनशीलता के साथ स्वीकार करते हुए पालिका निर्माण की प्रक्रिया को तीव्र गति प्रदान की।

## छग राजपत्र से अधिसूचना जारी मिली विकास की नई रफ्तार



उल्लेखनीय है कि विगत 5-6 मई को रायपुर में आयोजित एक कार्यशाला में श्रीमती चंद्राकर ने सीएम एवं डिप्टी सीएम को परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित संकल्प पत्र जिसमें कुरुद को नगर पालिका बनाने के लिए जरूरी मापदंड के प्रमाणित दस्तावेजों से सजी फाइल सौंप दर्जा बढ़ाने का निवेदन किया था। नपं अध्यक्ष के तर्क और जरुरी कागज का पुलिंदा देख सरकार के दोनों प्रमुखों ने जल्द ही कुरुद को नगर पालिका का दर्जा देने का भरोसा दिलाया था। यह प्रस्ताव शासन-प्रशासन स्तर पर औपचारिक स्वीकृति की दहलीज पर पहुंची और विभागीय प्रक्रिया के बाद 13 अगस्त को छत्तीसगढ़ के राजपत्र में अधिसूचना जारी कर कुरुद को नगरपालिका का दर्जा प्रदान कर दिया गया है। अब कुरुद को नई पहचान, अधिक अधिकार के साथ विकास की नई उड़ान भरने का अवसर मिलेगा।

### अधिक फंड मिलेगा, दोगुनी गति से होगा विकास

2011 की जनगणना अनुसार 13783 जनसंख्या वाली इस नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा मिलने से एक ओर जहां जनसुविधाओं में वृद्धि होगी, वहीं विकास कार्यों के लिए अधिक बजट भी मिलेगा जो नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर की अगुवाई वाली परिषद के लिए यह अब तक की सबसे बड़ी सौगात सिद्ध होगी। अब नगर पंचायत को नगरपालिका का दर्जा मिलने से शासन की योजनाओं व संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा, जिससे सड़क, स्वच्छता, जलापूर्ति, रोजगार व शहरी विकास की दिशा में प्रगति होगी। विकास कार्यों के लिए शासन से अधिक फंड मिलेगा।

### ऐतिहासिक निर्णय से कुरुद में हर्ष का माहौल



इस घोषणा के बाद हर्ष जाहिर करते हुए नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि मोदी की गारंटी में विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ को निरंतर नगर पंचायत कुरूद में गति मिल रही है। विधायक अजय चन्द्राकर की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाते हुए कुरूद को नगर पालिका बनाने स्वीकृति दी है। राज्य शासन के ऐतिहासिक निर्णय से कुरूद में उत्सव का माहौल है। मैं इस बड़ी सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं विधायक अजय चन्द्राकर का कुरूद की जनता की ओर से आभार मानती हूं।

## खबर संक्षेप

### तेजप्रकाश का एमबीबीएस में चयन

धमतरी। ग्राम कुरमातराई के तेजप्रकाश साहू का चयन नीट



2025 के माध्यम से एमबीबीएस के लिए जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में हुआ है। वे दानेश्वर-बेदबती साहू के पुत्र हैं। उन्होंने यह सफलता अपने अथक परिश्रम, दृढ़ विश्वास और लगन से हासिल की है। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा गांव में व हायर सेकंडरी की शिक्षा देमार से हुई है। उनके चयन होने पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### आवेदन की हार्डकापी 31 तक जमा करें

धमतरी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय से बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की स्वाध्यायी परीक्षा देने वाली छात्राएं अपना पंजीयन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पोर्टल में 31 अगस्त तक कराकर आवेदन की हार्डकापी तथा आवश्यक दस्तावेज महाविद्यालय में 5 सितंबर तक प्रभारी आकाश साहू सहा. प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) तथा सहायक अशवंत नेताम (प्रयोगशाला तकनीशियन) के पास जमा करें। पंजीयन पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा जारी नियमों तथा अकादमिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी के लिये महाविद्यालय के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

# मवेशी चराने जंगल गए चरवाहे पर भालू ने किया हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ ग्राम पोडागांव जंगल की घटना

जंगल में मवेशी चराने गए वृद्ध चरवाहे पर भालू ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया है। घायल को गंभीर हालत में शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम पोडागांव निवासी हरखराम मरकाम पिता रतन उम्र 65 वर्ष गांव के मवेशियों को चराने का काम करता है। रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह चरवाहा हरखराम मवेशियों को चराने के लिए गांव से लगे हुए जंगल की तरफ ले गया था। चरवाहा मवेशियों को चराने में व्यस्त था। इसी दौरान



झुरमुट से एक भालू निकलकर आया और चरवाहे पर अचानक हमलाकर दिया। भालू के हमले की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। भालू चरवाहे को अपने पंजों से दबोच नुकीले दांतों से लगातार घायल कर रहा था। ग्रामीणों ने शोरगुल कर किसी तरह भालू को भगाकर घायल चरवाहे को तत्काल उपचार के लिए नगरी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। परिजनों ने घायल को धमतरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। इलाज जारी है। इस घटना के बाद आसपास के गांवों में दहशत फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



## विधायक के प्रयास से 21 मंदिर व आश्रम में लगेगी सोलर हाईमास्ट लाइट

# सौर शक्ति से जगमग होंगे कुरुद क्षेत्र के धार्मिक स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

विधायक अजय चंद्राकर के दूरदर्शी प्रयास से कुरुद क्षेत्र के 21 प्रमुख मंदिरों और आश्रम सौर शक्ति के दिव्य प्रकाश से रोशन होंगे। अब यहां के मंदिर और आश्रम रात के अंधेरे में भी अपनी भव्यता और आध्यात्मिकता से प्रकाशवान होते रहेंगे क्योंकि इन प्रमुख स्थलों में हाईमास्ट लाइट स्थापित की जा रही है। यह पहल न केवल ऊर्जा संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर है, बल्कि कुरुद की सांस्कृतिक धरोहर को और भी निखारने का एक शानदार कदम है।



### विकास को नये स्वरूप देने की नई शुरुआत

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि यह केवल रोशनी लाने की योजना नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को सशक्त करने का एक प्रयास है। यह कदम कुरुद के ग्रामीण क्षेत्र में ऊर्जा संपन्नता लाएगा और हमारी सांस्कृतिक विरासत को और भी प्रेरणादायक बनाएगा। यह पहल कुरुद के लिए एक नई शुरुआत है, जो आधुनिकता और परंपरा के संगम को दर्शाती है।

प्रत्येक सोलर हाईमास्ट लाइट 9 मीटर ऊंची होगी, जिसमें 6 अत्याधुनिक लाइट लगाई जाएगी। ये लाइट उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक फैले मंदिर परिसरों को रोशन करेगी, जिससे कुरुद का धार्मिक और सांस्कृतिक परिवेश और भी जीवंत और आकर्षक बनेगा। यह रोशनी न केवल मंदिरों की भव्यता को उजागर करेगी, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण भी तैयार करेगी।

### इन स्थानों पर होगी अत्याधुनिक सोलर लाइटिंग

इस पहल के तहत सेमरा के सिरदार देव मंदिर, सिलौटी के कोदोरास मंदिर, सिर्री के गड़भेड़ा मंदिर, जोरातराई के सिंगलदीप मंदिर, सिंगलदीप के अंगारमोती मंदिर, सिरसिदा के मारुतिधाम मंदिर, कोर्रा के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, जुगदेही के श्री रामेश्वर महादेव मंदिर, पुरैना के अंगारमोती, बगौद के मारादेव मंदिर, चंडी मंदिर समीप, सेमरा बी के कबीर आश्रम, बेलौदी के जय सहदाई माता मंदिर, नवागांव बुड़ेनी के लोमश ऋषि आश्रम, परेवाडीह के खारून नदी के समीप मंदिर और आश्रम सोलर रोशनी से जगमगाएंगे।

# नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत

- आमदी कॉलेज में छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)





शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में बीए, बीएससी एवं बीकॉम के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों एवं महाविद्यालय की समितियों व सुविधाओं के बारे में अवगत कराना था।

मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति साहू अध्यक्ष नपं आमदी थी। अध्यक्षता प्राचार्य ने की। अतिथियों ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने दीक्षारंभ कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति साहू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत की शिक्षा व्यवस्था को समग्र, समावेशी, लचीला और कौशल अधारित बनाकर युवा वर्ग को 21वीं सदी की आवश्कताओं के अनुरूप तैयार करती है। यह शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परम्परा को समझकर, आत्मनिर्भर होकर देश और समाज की सेवा करने की है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक तरूण बैनर्जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित पूछे गए प्रश्नों एवं शंकाओं का निवारण किया। वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी ने एंटी रैगिंग, अनुशासन समिति, छात्रसंघ गतिविधि, परीक्षा संबंधी जानकारी, स्वच्छता अभियान, एससी एसटी, बुक बैंक योजना, स्वीप कार्यक्रम, करियर काउंसिलिंग सेल, रासेयो, ग्रंथालय, स्टूडेण्ट हेल्प डेस्क एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ एवं आईक्यूएसी सेल, खेलकूद विभाग की गतिविधियों के बारे में बताया। भूगोल के सहायक प्राध्यापक डिगेश्वर अटल ने व्यक्तित्व निर्माण, कौशल विकास एवं करियर गाइडेन्स पर चर्चा की।

इस अवसर पर अतिथि सहायक प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, डॉ. उपमा, मन्नूलाल साहू समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डिगेश्वर सहायक प्राध्यापक एवं आभार प्रदर्शन युगेश्वर प्रसाद साहू ने किया।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हुई रामधुनी

**नगरी।** कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पुरानी बस्ती दुगली में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बजरंग चौक पुरानी बस्ती दुगली में 24 घंटे का कृष्ण झूला का आयोजन किया गया जिसमें रामधुनी हुई। उपसरपंच चंद्रभान नेताम, समिति सचिव अनिल कुमार यादव, वार्ड पंच वरूण देव नेताम, भोज सोनवानी ने ग्राम तंवरबाहरा जिला गरियाबंद रामधुनी पार्टी गायक दैनीराम ध्रुव को मंच पर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रमुख सीताराम नेताम, अध्यक्ष रवि कुमार यादव, उपाध्यक्ष नमन कुमार नेताम, सहसचिव शिवा नेताम, कोषाध्यक्ष महेंद्र मरकाम, तोषण मरकाम, उत्तमचंद सोरी, रोहित यादव ,गजराज सिंह ध्रुव, राजाराम नेताम, मंशाराम मरकाम, पुजारी गुलेश नेताम, चमन सोरी, मनीष नेताम, मुकुलदेव नेताम समेत अन्य उपस्थित थे।

# दुनिया में सत्य को सुनने वाले बहुत कम होते हैं : चंद्रकला

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



ग्राम डोमा में कबीर मंदिर के तत्वावधान में आयोजित पंद्रह दिवसीय सत्संग समारोह में श्रोताओं को संबोधित करते हुए चंद्रकला साहेब ने कहा कि दुनिया में सत्य को सुनने वाले बहुत कम लोग होते हैं और बहुत कम लोग सत्य को कह पाते हैं। संतों का सत्संग कर जड़ चेतन के यथार्थ बोध को प्राप्त कर अपने जीवन को सुधार पथ पर ले जाएं। खुद संस्कारी बनें और बच्चों को भी शुभ संस्कार दें। कार्यक्रम में संत रमेश साहेब, संत पंचम साहेब, गोरखपुर, यदु साहेब, ध्रुव साहेब, विजय साहेब, पुनीत साहेब, रामशरण साहेब, विमल भण्डारी, पुनीतराम, साध्वी धनेश्वरी साहेब, अनीता साहेब, चेतना साहेब, भागा साहेब समेत ईशुराम गौंटिया, डॉ.दयालाल साहू, सुरेन्द्र साहू, नरेन्द्र बनपेला, लीलाराम साहू, दुलारूराम, मोहित, मन्नूलाल, बृजभान साहू, श्यामलाल साहू, पोखराज बनपेला, टिकेशराम साहू, हेमलाल साहू, शिवराम साहू, कुंजलाल यादव, मदन निर्मलकर, कृपाराम निर्मलकर, पार्वती, बुधियारिन, भारती, संतोषी, सुशीला, इंदिरा, जुगन, गीता ध्रुव, विद्या सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम 23 अगस्त तक चलेगा।





# कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



सरस्वती शिशु मंदिर मड़ईभाठा में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। मुख्य अतिथि श्रीमती ममता बाबर जीजा महिला मंडल मराठा समाज धमतरी अध्यक्ष थीं। अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेशराव पवार ने की। विशिष्ट अतिथि मेघसिंह साहू, श्रीमती नम्रतामाला पवार, आशालता चौहान, दुर्गा पवार, जितेंद्र यदु, गुलाब साहू, परमेश्वर साहू थे। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, साथ ही सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती बाबर ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर एक संस्कार का केंद्र माना जाता है। सेवा भाव से परिपूर्ण विद्यालय है। यहां से पढ़कर निकले बच्चें शासकीय सेवा दे रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन अंगेश सेन व आभार व्यक्त प्राचार्य चंपादेवी साहू ने किया। मौके पर आचार्य गिरीश पवार, जितेंद्र साहू, अमन राव, अंगेश सेन, तोरण निर्मलकर, राजकुमार निर्मलकर, भगवती पवार, रेणुका साहू, चंद्रकला साहू, नेहा गायकवाड़, नेमिन साहू, डिम्पल यदु, धनेश्वरी साहू, रितु साहू, डेमिन साहू, महेश्वरी साहू उपस्थित थे।

## भोथली मंडल के कार्यकर्ताओं में हर्ष




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भोथली मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात कर संगठन में उनके योगदान की सराहना की तथा आशा व्यक्त की कि उनके अनुभव एवं मार्गदर्शन से पार्टी और अधिक सशक्त होगी। मौके पर प्रीतम साहू पूर्व महामंत्री भोथली मंडल, महामंत्री आनंद स्वरूप मेश्राम भोथली मंडल, श्रीमती पूर्णिमा बनपेला पूर्व सभापति जनपद धमतरी, श्रीमती नमिता साहू कार्यकारिणी सदस्य, श्रीमती ऋतु साहू सदस्य महिला मोर्चा मौजूद रहे।

# आदिवासी प्रकृति के संरक्षक हैं : डॉ. देवांगन

- सुखराम नागे कालेज में आदिवासी संस्कृति एवं इतिहास विषय पर हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता आयोजित की गई। हर साल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा करना एवं उनकी संस्कृति को सम्मान देना है। आदिवासी न केवल प्रकृति के करीब रहते हैं बल्कि हमारी विरासत लोक कथाओं और पारंपरिक ज्ञान को पीढ़ी दर पीढ़ी सहेजने का भी कार्य करते हैं। यह संगोष्ठी प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. रमेश देवांगन के मार्गदर्शन एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के संयोजन में हुई।

इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। डॉ. देवांगन ने कहा कि आदिवासी यहां के मूल निवासी हैं तथा एक बेहतर विश्व के लिए हमें इन स्वदेशी समुदायों की आवश्यकता है। ये न केवल प्रकृति के संरक्षक हैं अपितु अपनी सांस्कृतिक विरासत को दुनिया भर में प्रसारित एवं गौरवान्वित करने का कार्य किया है। पोस्टर प्रतियोगिता में रेणुका ध्रुव, भूमिजा साहू एवं मौसमी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे जिन्हें मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर प्रो. राजाराम मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. दीपा देवांगन, डा. कविता, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सुश्री सीता नेताम, सुश्री नेहा राजन, सुश्री डिलेश्वरी पटेल समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ब्लॉक के 41,218 निवेशकों के 86 करोड़ से अधिक विभिन्न कंपनियों में जमा

# चिटफंड कंपनी में फंसी रकम को वापस दिलाने जनप्रतिनिधियों से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा





नगरी ब्लॉक के निवेशकों ने न्याय की गुहार लगाते हुए ब्लाक के सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि ब्रडस एक्ट 2019 चिटफंड कानून को लागू करवाने मे सहयोग करें।

निवेशकों ने बताया कि केन्द्र सरकार व्दारा संसद में ब्रडस एक्ट चिटफंड अधिनियम कानून बनाया गया है जिसमें 180 दिन में सभी कम्पनी के सभी निवेशकों को जमा धन से दो से तीन गुना राशि शासन व्दारा देने का प्रावधान है। 2019 में कानून बना है जो अभी लागू नहीं हुआ है। नगरी ब्लॉक से 41,218 निवेशकों ने अपने खून पसीने के कमाए पैसे 86,60,51,942 रू. को विभिन्न कंपनियों में जमा किया था। किसी ने अपने बेटे - बेटियों की शादी के लिए तो किसी ने पढ़ाई के लिए तो किसी ने अपने मकान बनाने के लिए तो किसी ने अपने बूढ़े मां बाप की सेवा करने के लिए पैसा जमा किया था। निवेशकों ने चिटफंड कंपनी का पैसा वापस दिलाने श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पिंकी शाह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोहन नाहटा, नागेन्द्र शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिनेश्वरी नेताम, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम, पूर्व विधायक श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष भूषणलाल साहू को ज्ञापन सौंपा।

मौके पर निवेशकगण मनोज प्रजापति, जन्मेजय साहू, चंदनलाल साहू, तेजकुमार साहू, नूतन साहू, मनोहर ग्वाले, हेमलाल साहू, छन्नूलाल साहू, राकेश कोडोपी, रमानंद केवर्ती, सुकराम साहू, राधेश्याम साहू, भगवान सिह, प्रेमलाल, प्रभुलाल, श्रीमती चेतना बिसेन, सुलोचना साहू, खेमिनबाई साहू, उर्मिला साहू, संतोषी साहू, दीपेश्वरी साहू, यशोदा साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### उड़ेना में धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी



**पुरी।** ग्राम उड़ेना में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मटकी फोड़, दही लूट एवं विभिन्न खेलों का आयोजन एकलव्य ग्रुप के तत्वावधान में हुआ। मुख्य अतिथि तेजराम निर्मलकर सरपंच एवं विशिष्ट अतिथि जगमोहन नवरंगे उपसरपंच, होरीलाल चंद्राकर, रुपराम साहू, गोविंद डहरे रहे। इस आयोजन में एकलव्य ग्रुप उड़ेना के सदस्य गिरीश साहू, होम चंद्राकर, विष्णु चंद्रा, मनीष, कान्हा, खिलेंद्र, डेमन, मुरली, ईशु, भरत, तोषण, मेघनाथ, दीपक, डेविड, युवराज उपस्थित थे।

### आवासीय परिसर, अंगारमोती मंदिर प्रांगण की सफाई की



**कुकरेल(धमतरी)।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष पर शासकीय आदिवासी आश्रम शाला एवं प्री मेट्रिक छात्रावास के आवासीय छात्रों ने अपने आवासीय छात्रावास के कर्मचारियों के साथ छात्रावास परिसर सहित दुगली के आराध्य देवी अंगारमोती प्रांगण में साफ-सफाई अभियान चलाकर पौधरोपण किया। स्कूली छात्राओं ने ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान में शासकीय आदिवासी आश्रम परिसर के अधीक्षक लीलाशंकर साहू, छात्रावास कर्मचारी बद्रीनारायण पटेल, उमेश कुमार नागवंशी, राजेश नेताम, छात्र प्रतिनिधि परमेश्वर नेताम, जलसाय कमार, पूरनलाल मरकाम, नवीन कुमार मंडावी समेत आवासीय छात्रों का योगदान रहा।

### संकुल स्तरीय खेलकूद में छाती ने मारी बाजी



**पुरी।** छाती संकुल स्तरीय खेलकूद का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर कंडेल में हुआ। सशिमं छाती के विद्यार्थियों ने दोनों वर्गों में कंडेल टीम को एकतरफा मुकाबले में पछाड़ा। आगे दोनों टीमें जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने 24 अगस्त को रांकाडीह मधुबन जायेंगी। विजेता छात्रों को समिति अध्यक्ष चैतराम साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दानेश्वरी यादव, व्यवस्थापक नरेन्द्र साहू, सहसचिव तरुण देवांगन, सदस्य नरसिंह चन्द्राकार एवं समिति के सदस्यों व स्कूल स्टाफ ने हर्ष जताया है। यह जानकारी सशिमं के सचिव नरेंद्र साहू ने दी है।

### रजत जयंती उत्सव पर भेंड्रा में गूंजे देशभक्ति के स्वर



**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि भेंड्रा में प्राचार्य तीरथराम साहू मार्गदर्शन में छग राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती अवसर पर देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण देशभक्ति की धुनों से गूंज उठा और वातावरण में राष्ट्रप्रेम की गहरी भावना व्याप्त हो गई। वरिष्ठ व्याख्याता मोतीलाल साहू ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन से विद्यार्थियों में छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा के प्रति सम्मान तथा देश के प्रति समर्पण की भावना और भी प्रबल होती है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अनेक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। बच्चों की सुरमयी प्रस्तुतियों ने न केवल मन मोह लिया बल्कि सभी को गौरव एवं उत्साह से भर दिया इस अवसर पर मोतीलाल साहू, ज्योति साहू, दशोदा साहू, गोपेश्वर देवांगन, पारसमणि साहू, रेडक्रॉस प्रभारी पुखराज साहू, ईको एवं स्काउट मास्टर सोहनलाल साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता कुंती महोबिया एवं खेल शिक्षक हेमेंद्र साहू ने किया।

### रजत जयंती महोत्सव पर चला सफाई अभियान



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत कुकरेल में छत्तीसगढ़ शासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रजत जयंती महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कुकरेल के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बस स्टैंड व सड़क की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। सरपंच ओंकार सिंह नेताम एवं सचिव श्रीमती लक्ष्मी साहू, वार्ड पंचों के सहयोग से गांव की गलियों , सड़कों एवं बस स्टैंड में रैली निकाली गई। व्यापारी संघ से बस स्टैंड में साफ-सफाई रखने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान वार्ड पंच दुलेश्वरी सिन्हा, अशोक कुमार यादव, देवबती ध्रुव, जागेश्वरी ध्रुव, राधिका बाई, ग्राम प्रमुख श्यामलाल कोर्राम, प्रवीण कुमार, राजेश्वरी राजपूत, कुलेश्वर निषाद, विवेक कुमार, फागनी ध्रुव, निलेश कुमार, कुमारी ध्रुव, योगेश्वरी कोर्राम, शंकरलाल सिन्हा, गिरधर सिन्हा, थानूराम पटेल, नमिता साहू, युवरानी सिन्हा, संतोष साहू, धर्मेंद्र नेताम, ऑपरेटर चंद्रपाल निषाद, रेणुका नेताम उपस्थित थे।

### नीम एवं बेल के पौधे रोपे



**जीजामगांव।** कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर डेमन साहू ने पानी टंकी परिसर में नीम एवं बेल के पौधे रोपे।

## अंचल की खबरें

### कलेक्टर ने बच्चों संग बैठकर किया भोजन



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री में आयोजित न्योता भोज के दौरान मानवीय और प्रेरक दृश्य देखने को मिला। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण सार्वा ने स्कूली बच्चों को भोजन परोसा और बाद में उनके साथ जमीन पर बैठकर भोजन ग्रहण किया। भोजन के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय बातचीत की। बच्चों ने भी कलेक्टर को अपने बीच पाकर उन्हें परिवार के मुखिया की तरह महसूस किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी को खूब मन लगाकर पढ़ना है और ऊंचे मुकाम पर पहुंचना है। ज्ञात हो कि जनपद सदस्य श्रीमती अनीता एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष मुकेश यादव ने अपने पुत्र विवेक यादव के जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया था।

### सर्वसुविधायुक्त कमरा निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा




**धमतरी।** कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरीराज के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पर मुलाकात कर मरार पटेल समाज धमतरी में सर्वसुविधायुक्त कमरा निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा। सामाजिक गतिविधियों की जानकारी देकर सामाजिक विकास, नारी शिक्षा, युवा वर्ग उत्थान के कार्य पर चर्चा की। इस अवसर पर धमतरी राज संरक्षक बिशेसर पटेल, राज अध्यक्ष सगुन पटेल, मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश पटेल शामिल रहे।

### देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में गुंजा-सुमन रही अव्वल



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती अवसर पर देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुमारी गुंजा और सुमन ने प्रथम स्थान एवं कुमारी लीनिमा एवं रुपाली ने द्वितीय एवं कुमारी सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाला के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने विद्यार्थियों को बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें सितंबर तक विविध कार्यक्रम शालाओं में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवशाली इतिहास, विकास और अपार संभावनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव, चुम्मन साहू, कमलेश कुमार निषाद, शिवकुमारी नेताम, भावना रामटेके, खेमिन नागवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पूजा पाठ करने से किसी की उम्र घट बढ़ नहीं सकती : चंद्रकला साहेब



**धमतरी।** डोमा में आयोजित पंद्रह दिवसीय सत्संग समारोह के पांचवें दिन सद्गुरु कबीर दिव्य ज्ञान मंदिर सोनारदेवरी से पहुंची मुख्य वक्ता सुश्री चन्द्रकला साहेब ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूजा पाठ, मंत्र जाप करने से किसी की उम्र घट, बढ़ नहीं सकती। अपने बच्चों को सुसंस्कारी एवं सुशिक्षित बनाएं। नशापान, मांस भक्षण से दूर रखिए। भक्त प्रहलाद, भक्त ध्रुव बचपन से ही संस्कारी थे। अपने बच्चों को भी संस्कारी बनाएं। सत्संग करें। मौके पर संत रमेश साहेब, पंचम साहेब, यदु साहेब, ध्रुव साहेब, विजय साहेब, रामशरण साहेब, विमल, भण्डारी, पुनीतराम, साध्वी अनीता साहेब, साध्वी धनेश्वरी साहेब, भागा साहेब, राधा साहेब शामिल रहे। सत्संग सुनने नरेंद्र बनपेला, डॉ.दयालाल साहू, लीलाराम साहू, हेमलाल साहू, धरमदास साहू, श्यामलाल साहू, विकास कुमार, टिकेश बनपेला, सरपंच गुंजन बनपेला, दुलारूराम, पार्वती देवी, बुधियारिन, इंदिरा, जुगन, शांति, वृंदा, सुशीला देवी, संतोषी, शिवबती, चंद्रबती, मोहित कुमार, बृजभान साहू सहित बड़ी संख्या में सत्संग प्रेमी मौजूद थे।

### सिरौद में नए आंगनबाड़ी भवन की मांग



- एक साल से खुले मंच में संचालित हो रही आंबा

**धमतरी।** ग्राम विकास समिति सिरौदखुर्द के अध्यक्ष रामनारायण, उपाध्यक्ष विनोद यादव, टुकेश ध्रुव, धमेन्द्र विश्वकर्मा, योगेश यादव, गोपीराम ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि कुकरेल तहसील के ग्राम पंचायत कांटाकुर्रीडीह के आश्रिम ग्राम सिरौदखुर्द में आंगनबाड़ी का शासकीय भवन बनाया गया था। वर्तमान में भवन अतिजर्जर हो चुका है। हालत यह है कि आंगनबाड़ी के बच्चे कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। भवन में पोषण आहार सहित अन्य सामग्री रखने की स्थिति में नहीं है। पिछले एक वर्ष से आंगनबाड़ी का संचालन खुले मंच में किया जा रहा है। ग्राम विकास समिति ने शीघ्र आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग कलेक्टर से की है।

### हटकेशर में कृष्ण जन्माष्टमी पर हुए कई कार्यक्रम



**धमतरी।** हटकेशर में कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। अखमूंदा मटका फोड़ का आयोजन हुआ जिसमें कई बच्चों ने भाग लिया। विजेताओं को राशि भी प्रदान की गई। संध्या को रामधुनी का आयोजन किया गया जिसमें जय मां खल्लारी रामधुनी मंडली चिरकोटी भखारा ने प्रस्तुति दी। रात्रि 12 बजे भगवान कृष्ण जन्म उपरांत कृष्ण स्वरूप बच्चों से दही लूट का आयोजन किया गया। बारिश के बाद भी सैकड़ों दर्शक रात तक डटे रहे और कार्यक्रम का आनंद लिया। मौके पर रामप्यारी साहू, कैलाश यादव, रूपराम सेन, ईश्वर पटेल, लोकेश नेताम, विनोद पटेल, संतोष साहू, नरेश साहू, कमलेश पटेल, सालिकराम साहू, खिलावन पटेल, लक्ष्मीनारायण साहू, भूषण साहू, विष्णु देवांगन, देशराम ध्रुव , सुखदेव साहू, रामदुलार यादव, भुवनलाल साहू, देवेंद्र साहू, किशन निर्मलकर, नीलकंठ साहू समेत अन्य मौजूद थे।

25 साल की विकास यात्रा पर बनी डॉक्यूमेंट्री ने छुआ दर्शकों का दिल

# जिले के मंदिर और झरने अब पहुंचेंगे विश्व पटल पर

- जनपद पंचायत धमतरी के सभागार में छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल का हुआ आयोजन
- महापौर ने किया धमतरी टूरिज्म वेबसाइट का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का संकल्प अवसर पर जनपद पंचायत के सभागार में महापौर रामू रोहरा के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा उपस्थित थे।

अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण सार्वा ने की। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी श्रीमती अंगीरा ध्रुव शामिल हुईं। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के इस अवसर पर धमतरी में छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल आयोजित होना गर्व का विषय है। हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति, भाषा और सिनेमा ने समाज को जोड़ने का काम किया है।

आज धमतरी टूरिज्म वेबसाइट का लोकार्पण भी हम सभी के लिए ऐतिहासिक क्षण है। इस वेबसाइट से हमारे जिले के मंदिर, जलप्रपात और पर्यटन स्थल विश्व स्तर पर पहचान पाएंगे। धमतरी अब पर्यटन और संस्कृति दोनों ही क्षेत्रों में नई उड़ान भरेगा। छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ी फ़ल्मि का इतिहास और सन 1965 में बनी पहली छत्तीसगढ़ी फ़ल्मि कही देबे संदेस को बताया गया। वहीं धमतरी के स्थानीय निर्माताओं कलाकारों की शिक्षाप्रद लघु फिल्म निम्मो का भी प्रदर्शन किया गया। छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों में हर क्षेत्र में हुए विकास पर एक डाक्टूमेंट्री हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में मय आंकड़ों सहित प्रदर्शन किया गया। फिल्म निर्माता राजू दीवान, आमीर हाशमी, केशव देवांगन और आशीष कुमार उपस्थित रहे।

महापौर रामू रोहरा ने बटन दबाकर धमतरी टूरिज्म वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस वेबसाइट में धमतरी जिले के प्रसिद्ध मंदिर, वॉटरफॉल, बांध जैसे तक़रीबन एक दर्जन पर्यटन केंद्रों की डिटेल्स अपलोड, गैलरी में तस्वीरों के साथ उपलब्ध है। धमतरी टूरिज्म की वेबसाइट पर सैलानियों को एक क्लिक में धमतरी के पर्यटन की जानकारी मिल जाएगी। धमतरी अब पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के पर्यटन स्थलों और मंदिरों की जानकारी देश-विदेश तक पहुंचाने के लिए धमतरी टूरिज्म डॉट कॉम के नाम से वेबसाइट तैयार करवाई है। इसकी खास बात यह है वेबसाइट को धमतरी में प्रशिक्षण लेने के बाद युवाओं ने बनाया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में वेबसाइट तैयार हुई है। वेबसाइट पर धमतरी, नगरी और मगरलोड जैसे इलाकों के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी अपलोड की गई है उप संचालक शशिरत्न पाराशर ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बिहान समूह द्वारा लगाए गए छत्तीसगढ़ व्यंजनों, छत्तीसगढ़ शिल्प मेला आदि का भी अतिथियों ने अवलोकन किया। समूह द्वारा तैयार उत्पादों की जानकारी ली।

## स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों ने दिया भाषण, कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम कर्राघाटी में माध्यामिक व प्राथमिक शाला आंगनबाड़ी में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। गांव में बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। सांस्कृतिक भवन व महिला भवन में ध्वजारोहण कर अपने शाला में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक व कविता, भाषण आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि पुर्व मुकुंदपुर सरपंच राजेश कोर्राम, अध्यक्षता शाला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कोर्राम, विशेष अतिथि ग्राम पटेल सुरेश मरकाम, नारायण सिंह मरकाम, शिक्षाविद असवन कुमार कुंजाम, ग्राम कोटवार दीनदयाल गंधर्व, शिक्षक दिनेश कुमार साहू, कामेश्वर साहू माध्यमिक व कोटवार दीनदयाल गंधर्व, पूनम सोनवानी प्रधानपाठक प्राथमिक शाला, किरण साहू समेत ग्राम के नागरिक गण उपस्थित थे।

## सड़क मार्ग राशि स्वीकृति पर भाजपा-कांग्रेस में श्रेय की राजनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- असली हकदार को जनता जानना चाहती है

धमतरी की राजनीति शुरु से ही ऐसी है। मेहनत कोई और करता है और श्रेय कोई ले लेता है। वर्तमान में धमतरी जिले की दर्जनों सड़क के लिए राशि स्वीकृत हुई है जिसमें मार्ग मरम्मत, मार्ग चौड़ीकरण, डामरीकरण, बीटी रोड, सीसी रोड आदि शामिल है। जैसे ही निर्माण के लिए स्वीकृति की राशि आती है, श्रेय लेने की होड़ मच जाती है। इसमें कांग्रेस भाजपा की आपसी रणनीति लंबे समय तक चलती है कि फलां ने नहीं, हमने किया है। वर्तमान में सोमवार को गुजरा रींवागहन मार्ग की मरम्मत, चौड़ीकरण के लिए शासन ने 418.84 लाख रूपए की स्वीकृति दी है। इस राशि से 2.80 किमी मार्ग की मरम्मत, चौड़ीकरण किया जाना है। स्वीकृति के बाद दोनों ही दल के नेता श्रेय लेने की होड़ में आगे पीछे हो रहे हैं।

भाजपा कहती है कि हमारे अनुनय पर राज्य सरकार ने स्वीकृति दी है। कांग्रेस कहती है कि इसके लिए हमने पूर्व में जनता के साथ आवेदन किया था। इस श्रेय की राजनीति में असली हकदार छिप जाता है। जनता भी नहीं समझ नहीं पाती कि असली श्रेय किसे दिया जाए। सब अपनी राग, अपनी डफली बजा रहे हैं।

ऐसी ही स्थिति पूर्व में भी स्वीकृति निर्माण, विकास कार्यों के लिए होते आई है। जनता अब भी नहीं जान पाई कि इसका असली हकदार कौन है। सबने अपने-अपने तरीके से मांग की। अब निर्माण कार्यों की स्वीकृति हो गई। इसमें राजनीति करने से परहेज करना चाहिए। लोक कल्याणकारी कार्य समझकर अन्य ज्वलंत मुद्दों की ओर ध्यान देना चाहिए। अब समर्थक भी पीछे नहीं रहते। नेता के पास जाकर गुलदस्ता देकर आभार मानते हैं। दोनों ही दल ऐसा करते हैं।

शहर के सिहावा रोड, नगरी रोड, रत्नाबांधा मुजगहन मार्ग, रूद्री रोड, गंगरेल रोड, बिलाईमाता मार्ग, ग्रामीण पहुंच मार्ग, पुल पुलिया, नालंदा परिसर, कालेज भवन, बसस्टैंड, आडिटोरियम, सांस्कृतिक कला केंद्र, ड्रेनेज सिस्टम, गोकुल नगर आदि ऐसे विकास कार्य हैं जिसके लिए अभी-अभी राशि स्वीकृति हुई है। भाजपा कांग्रेस इसमें भी श्रेय की राजनीति कर गई, हालांकि आम आदमी को इससे कोई लेना देना नहीं है। उनका मकसद तो खस्ताहाल मार्ग से निजात पाना है।

## आदिवासी बालक छात्रावास में चला स्वच्छता अभियान



**नगरी।** छग रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में आदिवासी बालक छात्रावास एवं कन्या छात्रावास गट्टासिल्ली के छात्र छात्राओं द्वारा गांव के देवगुड़ी, कुम्हड़ाईन माता मंदिर एवं शीतला माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राएं मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों के सफाई कार्य में जुटे। बच्चों ने झाड़ू लगाकर कचरा एकत्र किया। मंदिर परिसर की सफाई, वहीं फूलदार पौधों का रोपण किया। गांववासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। छात्रावास अधीक्षक मोहित सोनकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष 2025 को रजत जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष में छात्रावास स्तर पर विभिन्न रचनात्मक एवं जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## शिशु स्वास्थ्य कुपोषण का हुआ आयोजन



**कुरुद।** स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर कुरूद में आयुष राष्ट्रीय कार्यक्रम शिशु स्वास्थ्य कुपोषण का आयोजन किया गया। आयुष विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी गई। बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास तथा बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए स्वर्ण प्राशन का ड्राप पिलाया गया। इस कार्यक्रम में कुल 61 बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई दी गई एवं गंभीर कुपोषित वाले बच्चों को सुपोषित करने के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्रीमती सरिता कुशवाहा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमराज देवांगन, विखं कार्यक्रम प्रबंधक रोहित पांडे, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. खिलेश साहू, डॉ.ऋतु रात्रे, भगवती साहू, तुंगेश साहू, विकास प्रजापति, ओमप्रकाश कुर्रे, उर्मिला साहू, रागिनी सेन उपस्थित थे।

## सिंध गरबा नाइट महोत्सव को लेकर हुई बैठक

- 16 से 20 सितंबर तक सिंधी धर्मशाला में दी जाएगी ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी धर्मशाला आमापारा में सिंध गरबा नाइट महोत्सव को लेकर मीटिंग रखी गई। पूज्य सिंधी पंचायत के मुखिया चंदू जसवानी ने बताया कि इसे भव्य रूप से कैसे बनाया जाए, यह मीटिंग में तय किया गया है। प्रतिदिन पुरस्कार दिया जाएगा। अलग-अलग कलर्स में माता की भक्ति में नृत्य करेंगे। खाने पीने के लिए स्टॉल लगाया जाएगा। 16 से 20 सितंबर तक ट्रेनिंग सिंधी धर्मशाला में होगी। ट्रेनिंग कमल वर्दयानी देंगे। 23 से लेकर 29 सितंबर तक सिन्हा ग्राउंड में गरबा का आयोजन होगा। ग्राउंड को सजाने की जिम्मेदारी बंटी वाधवानी और रोमी सावलानी को सौंपी गई है। श्री जसवानी ने बताया कि समाज की महिलाएं एक जगह एकत्र होकर गरबा करेंगी तो समाज की गरिमा बढ़ती है और समाज में एकता दिखती है।

मौके पर महेश रामरख्खानी, अशोक वाधवानी, अशोक डुम्बानी, अमर पिंजानी, रोमी सावलानी, बंटी वाधवानी, सुनील रेवलानी, सिंध शक्ति महिला संगठन की महासंरक्षक प्रिया पंजवानी, अध्यक्ष पार्वती वाधवानी, सचिव साक्षी वाधवानी, रिया सोनेटा, जया चावला, रोमा राहूजा, शारदा चावला, दिशा कामरानी, मोना वाधवानी, मुस्कान वाधवानी, सिमरन वाधवानी, पलक सुंदरानी, श्वेता नानकानी, तान्या चावला, दीपा जसवानी, सरला डोडवानी, किरण गवालानी, कुमकुम रेवलानी, अन्नया आसवानी जुटे हुए हैं।

असिंचित क्षेत्र की फसल को मिला अमृत पानी

## बारिश से खेतों की प्यास बुझी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीते तीन दिनों से अंचल में रुक-रुककर हो रही मध्यम बारिश ने खेतों की प्यास बुझा दी है। असिंचित क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है।

उल्लेखनीय है कि बंगाल की खाड़ी में निम्नदाब का क्षेत्र बनने से मौसम विभाग ने प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी दी थी। प्रदेश के कई स्थानों पर भारी बारिश भी हुई है। बुधवार को दक्षिण छग में भारी बारिश तथा दुर्ग, रायपुर संभाग के एक दो स्थानों पर भी भारी बारिश की चेतावनी है।

धमतरी जिले की सात तहसील में से पांच तहसील अब भी औसत वर्षा में पीछे है। जबकि दो तहसील में औसत वर्षा से अधिक बारिश हुई है। कुकरेल तहसील में इस साल मानसून मेहरबान है। 1 जून से लेकर अब तक यहां 910 मिमी बारिश हो चुकी है। औसत वर्षा से 126 प्रतिशत बारिश हो गई है। धमतरी तहसील में 760 मिमी बारिश के साथ यहां औसत का 106 प्रतिशत बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। बारिश में सबसे पीछे मगरलोड तहसील है। यहां अब तक मात्र 423.7 मिमी बारिश हुई है जो औसत वर्षा के मुकाबले 63.1 प्रतिशत है। कुरूद तहसील में 573.5 मिमी वर्षा के साथ 85.5 प्रतिशत, नगरी तहसील में 695.4 मिमी बारिश के साथ 92.6 प्रतिशत, भखारा तहसील में 570.3 मिमी बारिश 79.7 प्रतिशत, बेलरगांव तहसील में 596.5 मिमी बारिश 83.8 प्रतिशत बारिश औसत वर्षा के मुकाबले हुई है।



### रोपा, बियासी अंतिम चरण पर

किसान प्रह्लाद हिरवानी, गोपाल साहू, मनराखन ठाकुर ने बताया कि किसानी कार्य में रोपा लगाने तथा बियासी कार्य अंतिम चरण पर है। वर्तमान में हुई बारिश से असिंचित क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत दी है। दरार आ चुके खेतों में पानी भरने से फसल को नया जीवन मिला है।

## आयुष्मान केन्द्र जर्जर, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को किराये पर रहने की मजबूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बेलरगांव तहसील के ग्राम पंचायत कोंगेरा में स्वास्थ्य सुविधा का बुरा हाल है। सोमवार को क्लेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन में कहा है कि स्वास्थ्य विभाग ने लोगों के उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र बनाया है, जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यरत हैं। वर्तमान में स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर हो चुका है।

छत के स्लेब से पानी टपकता रहता है। खिड़कियां टूट चुकी हैं जिसके कारण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को स्वयं के पैसे से किराये के मकान में रहने की मजबूरी है।

कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण पंचमसिंग, सतउराम, फागुराम, आसकरण नेताम, गणेश रामसाय, दिनेश आदि ने कोंगेरा आयुष्मान केन्द्र भवन का नवीनीकरण करने, मूलभूत स्वास्थ्य सुविधा दिलाने की माग की है।

### टांगापानी में उप धान खरीदी केन्द्र की मांग

कोंगेरा पंचायत के सरपंच सहित ग्रामीणों ने एक अन्य मांग में कहा है कि कोंगेरा किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए 8 किमी दूर सेमरा धान उपार्जन केन्द्र जाना पड़ता है जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने ग्राम टांगापानी में उप धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग कलेक्टर से की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ऑयल पाम की खेती से होगी दीर्घकालीन आय



- ऑयल पाम की खेती के विस्तार एवं प्रोत्साहन को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनपद पंचायत मगरलोड में अम्मा ऑयल पाम कंपनी के विशेषज्ञ द्वारा ऑयल पाम की खेती के विस्तार एवं प्रोत्साहन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कृषकों के साथ कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं आत्मा टीम के मैदानी अमलों ने सहभागिता की।

कार्यशाला में ऑयल पाम की खेती की उन्नत तकनीकों, पौधरोपण पद्धति, सिंचाई प्रबंधन, रख-रखाव एवं उत्पादन क्षमता बढ़ाने संबंधी जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि ऑयल पाम की खेती से दीर्घकालीन आय अर्जित की जा सकती है।

यह किसानों के लिए भविष्य की लाभकारी फसल सिद्ध हो सकती है। इस अवसर पर जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति के सभापति टीकाराम कंवर, जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केएस नरेटी, आत्मा से फत्तेलाल पटेल, मगरलोड विकासखंड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीगण, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी समेत अनेक कृषक उपस्थित थे।

## मानस शिशु मंदिर में रही कृष्ण जन्माष्टमी की धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री मानस शिशु मंदिर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय जोधापुर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता लखमशी भानुशाली थे। विशेष अतिथि सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, हरि कटारिया, नरेन्द्र कुमार मिश्रा, महेंद्र कुमार राजपुरिया थे।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षक राधा कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता थी। बच्चों ने राधा और कृष्ण की वेशभूषा में प्रतियोगिता में भाग लेकर पुरस्कार जीते। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानपाठक भीमसेन ध्रुव, आचार्य धनंजय साहू, राकेश कुमार साहू, द्रोपदी सिन्हा,कामनी निषाद, कामिनी सेन, नन्द कुमारी ध्रुव, सीमा साहू, रूचि देवांगन, हर्षलता मगेन्द्र, श्वेता ध्रुव का सहयोग रहा।

इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या लहरे, उपाध्यक्ष श्रीमती भूपेश्वरी कोसरे, शंकर लाल चक्रधारी, रीना, नाथूराम, अजय कहार, दीपक सोनवानी, श्रीमती बेलबती पटेल, झुमुकलाल साहू, किरण, निशा पवार, पंचूराम साहू, हेमलता, कार्तिक साहू, डिकेशवरी, हिमानी, पूनम, कोमिका उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आचार्या द्रौपदी सिन्हा ने किया। यह जानकारी समिति के सचिव नन्दलाल यादव ने दी।

## अंचल की खबरें

### सशिमं के बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धरा



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय आमातालाब में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। मुख्य अतिथि श्रीमती प्रभा श्रीवास्तव थी। अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मणराव मगर, श्रीमती ज्योति शांडिल्य, सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, प्रदीप शर्मा, कुलेश सोनी, पार्षद विभा चन्द्राकर थे। अरूण, उदय, प्रथम, द्वितीय कक्षा के छात्रों ने राधा-कृष्ण का रूप धरकर सभी का मन मोहा। सुदामा–कृष्ण मिलाप का लघु प्रसंग प्रस्तुत किया गया। राउत नाचा की प्रस्तुति के बाद मटका फोड़ का कार्यक्रम हुआ। यह जानकारी प्रचार-प्रसार प्रमुख केवल सिंग साहू ने दी।

### राधाकृष्ण की वेशभूषा में किया नृत्य



**धमतरी।** गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। बालक बालिकाओं के लिए भाषण, कविता का आयोजन किया गया। विद्यालय के अधिकांश बालक बालिकाओं ने राधाकृष्ण की वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत किया। श्रीमती डिलेश्वरी साहू ने मंच संचालन करते हुए भगवान श्री कृष्ण की अवतार कथा का वर्णन किया। प्रधानपाठक भारतलाल साहू ने गीता में भगवान श्री कृष्ण जी के उपदेश का उल्लेख करते हुए कर्म की पूजा को प्रतिपादित किया। हर एक विद्यार्थी को कर्मशील बनने का आह्वान किया। बालकों ने मीनार बनाकर गोविंदा मटका फोड़ा। शिक्षिका टामेश्वरी ने आभार व्यक्त किया।

### सृजन में हुआ संस्कृत सप्ताह का आयोजन



**आमदी।** सृजन इंग्लिश मीडियम स्कूल कंवर में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। संस्कृत सप्ताह में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जैसे संस्कृत में स्तुति, शलोक, सस्वर वाचन, नीतिवाक्य, संस्कृत में भाषण, सुभाषित शलोक, कहानी, सूक्तियां, निबंध के साथ ही संस्कृत के महाकवि कालिदास, महर्षि वाल्मीकि की जीवनी व उनके कृतियों पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्या दुर्गेश साहू ने कहा कि संस्कृत हमारी प्राचीन भाषा है और संस्कृत भाषा से ही संस्कार व शिष्टाचार की सीख मिलती है। साथ ही सभी वेद, पुराणों, ग्रंथों की रचना संस्कृत भाषा में ही की गई है। मौके पर स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहे।

### खम्हरिया में महिलाओं ने कमरछठ पर निर्जला व्रत रखा



**धमतरी।** ग्राम खम्हरिया में महिलाओं ने कमरछठ पर्व धूमधाम से मनाया। संतान की दीर्घायु जीवन व मंगलकामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने सगरी बनाकर भगवान शिव, पार्वती व गौरी गणेश की पूजा की। मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग, भौंरा, बांटी, डोंगा भी बनाए। व्रत रखी महिलाओं लता बाई नेताम, तामेश्वरी नेताम, हेमा नेताम, दुर्गेश्वरी नेताम, जागृति नेताम, मीना नेताम, रजनी नेताम, सीता नेताम, कुसुम साहू ने बताया कि कमरछठ पर्व में पूजन सामग्री के लिए भैंस का दूध, दही, घी का विशेष महत्व होता है। पुरोहित द्वारा कमरछठ महारानी की कथा सुनाई गई। सभी ने सगरी की पूजा अर्चना कर दूध, दही, जल, लाई, चने, महुआ अर्पित किए। पूजा संपन्न होने के बाद अपने-अपने घरों में बनाए गए पसहर चावल व छह प्रकार की भाजी ग्रहण कर निर्जला व्रत तोड़ा।

### राष्ट्र की एकता और अखंडता का लिया संकल्प



**नगरी।** अखण्ड भारत संकल्प दिवस श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर भारत माता की आरती कर राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड व्यवस्था प्रमुख रूपेन्द्र साहू, निखिल साहू, परमेश्वर सोनबेर, नीलम साहू, निखिल नेताम, नीलेश नेताम एवं वासुदेव यादव की उपस्थिति रही। रुपेश साहू ने कहा कि अखण्ड भारत संकल्प दिवस के इस आयोजन ने सभी को देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव के संरक्षण हेतु समर्पित रहने का प्रेरणादायी संदेश दिया।

### छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का धरना प्रदर्शन कल


**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का धरना प्रदर्शन गांधी मैदान कचहरी चौक में 22 अगस्त को होगा। इसकी रूपरेखा तैयार करने तथा फेडरेशन से संबंधित सभी संघों को अलग-अलग प्रकार की जिम्मेदारी सौंपने तथा जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश आवेदन फार्म भरवाने तीन दल का गठन किया गया है जो विभिन्न कार्यालयों में पहुंचकर कर्मचारियों अधिकारियों को अवकाश हेतु सामूहिक आवेदन फार्म भरवाने का कार्य करेंगे। बैठक में जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, कोषाध्यक्ष एनआर टंडन, प्रवक्ता खुमान सिंह ठाकुर, महासचिव अमित महोबे, सचिव राजकुमार सिन्हा, आईटी सेल प्रभारी महेंद्र कुमार साहू, वासुदेव भोई, ओमप्रकाश मत्स्यपाल, अजय पांडे, ममता खालसा, नविता तिवारी, ज्ञानेंद्र गुप्ता, भुनेश्वर साहू, गिरीश कुमार सोनी, मिश्रीलाल सार्वा, संदीपराव जाधव, प्रतापसिंह रामटेके, धर्मेंद्रदास मानिकपुरी, दीपक सहारे, नंदकिशोर साहू समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

पात्रों ने अपने अभिनय से सामाजिक चेतना का अनूठा उदाहरण पेश किया

# मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह : ठाकुर का कुआं और बड़े भाई साहब का प्रभावी मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कूल शंकरदाह में मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप और उत्साही युवा मंच धमतरी के कलाकारों ने प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानियां ठाकुर का कुआं और बड़े भाई साहब का प्रभावी मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाट्य रूपांतरण में कलाकारों ने मंच पर जीवंत नाट्य प्रस्तुति किया जो साहित्य रंगमंच और सामाजिक चेतना का अनूठा उदाहरण है।







कहानी ठाकुर का कुआं में कलाकारों ने सामाजिक असमानता और जातिगत भेदभाव पर सीधा प्रहार किया है। ठाकुर की भूमिका में आकाशगिरी गोस्वमी ने दबंगई और क्रूरता का प्रभावी प्रदर्शन कर दर्शकों को झकझोर दिया। सोहनलाल साहू ने पात्र जोखू की विवशता और मजबूरी का मार्मिक अभिनय किया। गंगी के रूप में फाल्गुनी साहू ने बेबसी और पीड़ा को सजीवता से निभाया जिससे दर्शकों की आंखें नम हो गई। कहानी में ठाकुर की क्रूरता के बिंब के रूप में गुलशन ध्रुव ने जोरदार अभिनय किया। दरोगा की भूमिका में दुष्यंत सिन्हा ने अपने दमदार संवादों से न्याय व्यवस्था की विफलता को उजागर किया। वैभव रणसिंह गौतम साहू, भूपेन्द्र साहू ने झंगलू और मंगलू की भूमिका में ठाकुर के क्रोध, क्रूरता को तीव्र बनाते हुए घी डालने का काम किया। पनिहारिन के पात्र में दीया साहू, गामिणी साहू ने मंच में महिलाओं की सामाजिक स्थिति और पुरूषवादी रवैया का बखूबी चित्रण किया। यह कहानी भारतीय समाज में व्याप्त जातिवाद और छुआछूत की समस्या को उजागर करती है।

दूसरी कहानी बड़े भाई साहब का मंचन हुआ, जिसमें दो सगे भाइयों के बीच आपसी रिश्ते और प्रेम के साथ शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बड़े भाई साहब के पात्र में सोहनलाल साहू ने जीवंत अभिनय किया। उन्होंने बड़े भाई के किरदार में गंभीरता अनुशासन और संघर्षशीलता का अभिनय कर अपने बड़प्पन का परिचय दिया। छोटे भाई का किरदार निभाते हुए गौतम साहू ने चंचलता, सरलता, मासूमियत से दर्शकों को खूब हंसाया। छोटे भाई की मित्र मंडली में गुलशन ध्रुव, वैष्णवी साहू, दीया साहू, भूपेन्द्र साहू ने अपनी उपस्थिति दी। पात्रों ने अपने अभिनय से कहानी को और सशक्त बनाया।

सारांश यह है कि दोनों भाइयों में पांच साल का अंतर था। बड़ा भाई पढ़ाई में हमेशा व्यस्त रहता था। छोटा भाई खिलाड़ी प्रवृत्ति का था जिसे शिक्षा का महत्व समझाते हुए पढ़ाई करने प्रेरित करते थे। यह कहानी बाल मनोविज्ञान, शिक्षा के महत्व तथा जीवन में अनुशासन को दर्शाती थी।

नाटक में संगीत खिलेन्द्र साहू और आशीष साहू ने दिया। लाइटिंग में वैष्णवी साहू, मंच सज्जा में तिलक साहू, टिकेश्वर निर्मलकर, मेकअप में आशीष साहू का योगदान रहा। नाट्य संयोजन फाउंडेशन की ओर से गुलशन यादव, सुनील ने किया। विशेष सहयोगी राजकुमार सिन्हा, लोकेश प्रजापति थे। दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद के विचारों को जीवंत करने का अच्छा प्रयास रहा।

## कालेज छात्रों की सेहत जांची गई

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. रमेश देवांगन के मार्गदर्शन एवं रेडक्रॉस रेडरिबन अधिकारी प्रो. कौशल नायक के संयोजन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सर्दी-जुखाम, रक्त परीक्षण, त्वचा संबंधी रोग, बीपी-शुगर जैसे 70 विभिन्न प्रकार के रोगों का इलाज किया गया। लगभग 95 अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। उपचार के पश्चात दवा दी गई। कार्यक्रम में प्रो. लोकेश्वरी राठिया, सुश्री सीता नेताम, सौरभ पाण्डेय समेत रेडक्रॉस सदस्यों का योगदान रहा।



मौके पर प्रो. राजाराम मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. दीपा देवांगन, डा.कविता, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, नेहा राजन, डिलेश्वरी पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 22 अगस्त को कलमबंद हड़ताल

**धमतरी।** केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से लंबित डीए एरियर्स को जीपीएफ में समायोजित करने, वेतन विसंगति को दूर करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने 22 अगस्त को कलमबंद हड़ताल का आह्वान किया है। इस दिन फेडरेशन से जुड़े अधिकारी कर्मचारी छुट्टी लेकर काम बंद रखेंगे।

## युवक ने जंगल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने जंगल में फांसी लगा ली। अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कानीडबरी निवासी वीरेंद्र साहू पिता हिमांचल उम्र 23 वर्ष बुधवार को ग्राम सोरम में खिड़कीटोला रोड पर स्थित एक पोल्ट्री फार्म के सामने जंगल के पेड़ में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी होने पर रूद्री पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई की। शव को वरदान एम्बुलेंस संस्था के शिवा प्रधान ने जिला अस्पताल लाकर मर्रच्यूरी में शिफ्ट कराया। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। रूद्री प्रभारी एसआई अमित बघेल ने बताया कि मृतक शांतिघाट के पास स्थित एक पोल्ट्री में हमाली का काम करता था। नाइट डयूटी करने के बाद बुधवार की सुबह अपने घर कानीडबरी जाने के लिए निकला था।

## वारूणी का अग्निवीर इंडियन नेवी में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जलविहार कॉलोनी गली नंबर 03 निवासी कुमारी वारुणी यदु पिता पुरुषोत्तम लाल यदु का इंडियन नेवी में एसएसआर में चयन हुआ है। वे दाऊलाल यदु उपसरपंच रत्नाबांधा की नातिन हैं। वह इंडियन नेवलशिप चिल्का उड़ीसा में 4 माह की बेसिक ट्रेनिंग कोर्स करने के बाद अपने गृह निवास धमतरी आई हैं। इसके पश्चात 15 दिवसीय शिप ट्रेनिंग के लिए 30 अगस्त को मुंबई रवाना होंगी। इस उपलब्धि पर कृपाशंकर मिश्रा, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेंद्र, अरुण गौर, कृष्णाराम साहू, हनुमान सिंह वर्मा, नंदकिशोर साहू, भूमिका साहू, नीलम सिन्हा, वंशराज यदु, सुनील यदु, भारती यदु, नेहा यदु ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### छात्राओं को दी साइबर अपराध की जानकारी

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को साइबर सुरक्षा, नशापान से बचाव और महिला सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने की। मुख्य वक्ता विकास द्विवेदी साइबर सेल ने साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट और अनधिकृत एपीके फाइलों से होने वाले खतरों पर जानकारी दी। नीलम साहू परियोजना समन्वयक ने नशापान से होने वाले दुष्प्रभावों, अनाथ बच्चों की देखभाल की व्यवस्था के बारे में बताया।

डीजल चोरी मामले को लेकर रैली निकाली बैरिकेड्स तोड़े

## कांग्रेसियों ने घेरा निगम कार्यालय, पुलिस से धक्कामुक्की में पार्षद सहित चार जख्मी





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कांग्रेसियों ने निगम में डीजल चोरी को लेकर शहर में जंगी प्रदर्शन किया। मकई चौक से लेकर निगम कार्यालय तक रैली निकाली। नारे लगाते हुए निगम दफ्तर घेरने पहुंचे। पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। उग्र कांग्रेसियों ने बैरिकेड्स तोड़ दिए। पुलिस से धक्कामुक्की हुई। इस प्रदर्शन के बीच पार्षद विशु देवांगन, गौतम वाधवानी, देवेंद्र देवांगन, कुलेश्वर देवांगन को चोटें आई जिनका इतवारी बाजार स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। सुरक्षा के लिए लगाए गए तीनों बैरिकेड्स तोड़ डाले। निगम दफ्तरके सामने पहुंचकर नारेबाजी की।



धक्का-मुक्की में पार्षद सहित चार युवा कांग्रेसी जख्मी

आधे घंटे के प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने आयुक्त प्रिया गोयल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि धमतरी की जनता के साथ न्याय नहीं हो रहा है। लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। भ्रष्टाचार का खेल जारी है। अन्य मांगें भी शामिल हैं जिसे पूरा करने कहा गया। मांगें पूरी नहीं होने पर कांग्रेस फिर से घेराव करेगी। आयुक्त ने कहा कि डीजल घोटाले की जांच के लिए राजस्व अधिकारी प्रदीप मिश्रा को जांच अधिकारी बनाया है। 15 दिनों में वे जांच रिपोर्ट सौपेंगे।

प्रदर्शन के दौरान ब्लाक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, नेता प्रतिपक्ष निगम दीपक सोनकर, विशु देवांगन, मोहन लालवानी, नीशु चंद्राकर, कविता बाबर, तारिणी चंद्राकर, ममता शर्मा, नीलू पवार, राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, वातांजलि गोस्वामी, शैलेन्द्र दीवान, कमलेश सोनकर, यश राजपूत, गीतराम सिन्हा, सोमेश मेश्राम, पूर्णिमा गजानंद रजक, नमन बंजारे, राहुल बख्तानी, तिलक सोनकर, कमलेश, वीरु महाजन आदि उपस्थित थे।

गुरु बालकदास की जयंती रामपुर में मनाई गई, वक्ताओं ने समाज के विकास पर दिया जोर

# सतनामी समाज की चालीस महिलाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला स्तरीय गुरु बालकदास की जयंती ग्राम रामपुर में मनाई गई। राजा गुरु बालक दास के छायाचित्र की मंगल आरती की गई। इससे पहले सामाजिक मीटिंग हुई जिसमें जिला सतनामी समाज के एजेंडे अनुसार बैठक की शुरुआत की गई। प्रवीण कोसरे को भखारा ब्लाक का संरक्षक बनाया गया। अध्यक्ष उत्तम रात्रे, सचिव शिवप्रसाद बनारसी चुने गए। संचालक सदस्य एतेंद्र रात्रे को चुना गया। प्रबंध कार्यकारिणी में श्रीमती सुनीता कुर्रे का चयन किया गया। गुरु बालकदास जयंती पर बालिका पंथी पार्टी पेण्डरवानी द्वारा मंगल आरती की गई। पंथी पार्टी ने बाबाजी के संदेश को गीत के माध्यम से बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे थे। अध्यक्षता नरेश बघेल संचालक सचिव ने की। विशिष्ट अतिथि सर्व डॉ. सुरेंद्र कुर्रे, रमेश कुमार लहरे सलाहकार, फग्गू लहरे संचालक सदस्य, भगत मार्कण्डे वरिष्ठ सदस्य, भूषण जांगड़े जिलाध्यक्ष सतनामी शासकीय सेवक संघ थे। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष चंद्रकला बंजारे एवं सदस्य सुनीता कुर्रे को श्वेत चंदन और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज की 40 उत्कृष्ट महिलाओं का ममतामयी मिनीमाता सम्मान से सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में डा सुरेंद्र कुर्रे ने कहा कि सतनामी कुल में जन्म लेना हम सबका सौभाग्य है। गुरु घासीदास बाबा के संदेशों को आत्मसात कीजिए।





फग्गू लहरे ने गुरु बालकदास की जीवनी पर प्रकाश डाला। रमेश लहरे ने कहा कि मातृशक्तियों में समाज को नशा, मांस, मदिरा से दूर करने और संस्कार पैदा करने की ताकत है। उन्होंने समाज के युवाओं को अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने के साथ समाज की रीति रिवाज, परम्परा, सभ्यता और संस्कृति को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

संचालक प्रधान नरेश बघेल ने सतनामी समाज को उच्च बताया। चंद्रकला बंजारे ने जिले के सभी ब्लाकों से मातृशक्ति को जोड़ने पर बल दिया। श्रीमती सुनीता कुर्रे ने समाज को बढ़ाने में सहयोगी बनने प्रेरित किया। भगत मार्कण्डेय ने भी अपनी बात रखी। जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने समाज की गतिविधियों की जानकारी दी।

मौके पर मालिकराम गायकवाड़, दिनेश बंजारे, कृपाराम, राजकुमार कुर्रे, शिवप्रसाद बनारसी, अमरसिंह, अशोक चंदेल, शिवकुमार कोसरे, भूषण जांगड़े, सुंदरलाल सोनवानी, गंगाराम देशलहरा, पूर्णिमा मार्कण्डेय, जानकी कुर्रे, उर्वशी, कुंजन, निशा भारती, अंजु रात्रे, राजेश रात्रे, एतेंद्र रात्रे, खेलन मार्कण्डेय, तुषार जान, जयप्रकाश रात्रे, राजकुमार रात्रे समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

एंबुलेंस संचालन, दवाइयों की उपलब्धता और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं पर दिए निर्देश

# कलेक्टर ने सिविल अस्पताल नगरी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सिविल अस्पताल नगरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याओं और उपचार संबंधी जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीएमओ डॉ एके नेताम, बीपीएम हितेन्द्र साहू के अलावा अन्य स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

कलेक्टर ने सोनोग्राफी कक्ष का निरीक्षण किया और प्रतिदिन होने वाली जांचों की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में पर्याप्त दवाइयों और आवश्यक उपकरणों का भंडारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मरीज को समय पर जांच और उपचार मिलना चाहिए, इसके लिए स्वास्थ्य अमला पूरी तत्परता से कार्य करे। निरीक्षण के दौरान श्री मिश्रा ने एनसी वार्ड में भर्ती मरीज श्रीमती कलावती से



उपचार की स्थिति, दवाइयों की उपलब्धता और शासन की स्वास्थ्य योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को शासन की सभी पात्र योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से और समय पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई भी जरूरतमंद वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध है, लेकिन ईंधन व्यवस्था में दिक्कत होने के कारण उसका संचालन बाधित हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने जीवनदीप समिति से समन्वय स्थापित कर नियमित रूप से एंबुलेंस का संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में किसी भी मरीज को एंबुलेंस सुविधा से वंचित नहीं होना चाहिए। इसके अलावा कलेक्टर ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, दवा वितरण कक्ष, ओपीडी पंजीयन काउंटर और प्रसूति वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों से संवेदनशील व्यवहार अपनाने, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने और सभी आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

# योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए व्याख्याता राजेश सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

अखिल भारतीय अखिल भारतीय प्रकृतिक चिकित्सा परिषद नई दिल्ली एवं छग पार्टी शिक्षा परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में राम राज्य में निसर्गोपचार की भूमिका विषय संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन वृंदावन हाल सिविल लाइन रायपुर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि राजेश्री महंत, डॉ. रामसुंदर दास पूर्व अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छग व विशिष्ट अतिथि गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग, उपाध्यक्ष अनु. जा. वि. प्राधिकरण छग शासन थे। अध्यक्षता रूपनारायण सिन्हा अध्यक्ष छग योग आयोग ने की।



अति विशिष्ट अतिथि डॉ. अवधेश मिश्र महासचिव अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद दिल्ली, डॉ. प्राणेश गुरु गोस्वामी, ओरदेश अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संगठन डॉ. छगनलाल सोनवानी, डॉ. विवेक भारती छत्तीसगढ़ शांतिदूत डॉ. उदयभान सिंग चौहान थे। इस दौरान राजेश तिवारी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी विकासखंड नगरी को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्रीफल, शाल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

# निगम टीम ने 15 मवेशियों एवं दो बछड़े को पकड़कर अर्जुनी गौठान में छोड़ा

- गंदगी फैलाने वाले 4 दुकानदारों पर 600 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं आवारा पशुओं पर नियंत्रण हेतु विशेष कार्रवाई की गई। निगम की पशु पकड़ो टीम ने ब्राह्मण पारा, कोष्टापारा वार्ड क्षेत्र की सड़कों से 15 आवारा मवेशी एवं 2 बछड़े को पकड़कर अर्जुनी गौठान में छोड़ा। इस कार्रवाई से न केवल आवागमन में सुगमता आई है, बल्कि नागरिकों को दुर्घटना एवं असुविधा से भी राहत मिलेगी।



इसी क्रम में स्वच्छता अभियान अंतर्गत निगम टीम ने शहर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने एवं स्वच्छता नियमों का पालन न करने वाले 4 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कुल 600 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। दुकानदारों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने एवं स्वच्छता बनाए रखने की सख्त हिदायत दी गई।

# खपरी में महापौर ने अटल चौक का किया लोकार्पण

- ग्राम समिति और ग्रामीणों ने अपने खर्च पर निर्मित किया स्मृति स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम खपरी में नगर निगम के महापौर जगदीश रामू रोहरा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर अटल चौक का लोकार्पण किया।

ग्राम समिति एवं ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और अपने निजी संसाधनों से चौक का निर्माण कराया। यह पहल न केवल वाजपेयी जी के विचारों के प्रति ग्रामवासियों की आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में सामूहिक सहयोग और



स्वावलंबन का आदर्श भी प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर महापौर रोहरा ने कहा कि ग्राम खपरी के नागरिकों ने जिस भावना से यह चौक निर्मित कराया है, वह अद्वितीय है। आपने वाजपेयी जी को स्मरण कर उनके आदर्शों को अमर कर दिया है। यह चौक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र होगा। ग्रामवासियों ने बताया कि चौक निर्माण का उद्देश्य सिर्फ स्मारक बनाना नहीं था, बल्कि वाजपेयी जी की सादगी, ओजस्वी वक्तृत्व और राष्ट्रनिष्ठा को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना है । यह अटल चौक सिर्फ ग्रामीणों के योगदान का प्रतीक ही नहीं बल्कि वाजपेयी जी के उस विराट व्यक्तित्व की झलक है, जिन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया। ग्राम समिति ने चौक पर उनके नाम का शिलालेख भी स्थापित किया है।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय जैन, महामंत्री अनिल तिवारी, कोमल देवांगन, जनपद सदस्य अग्रवाल साहू, मंडल मंत्री लोकेश टंडन, सरपंच राम रोशन ध्रुव , ईश्वर साहू, खुमान साहू, संत ध्रुव, विवेक किरण, सुरेंद्र स्वामी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

# मटकी सजाओ में भावना रही प्रथम



**धमतरी**। ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं राधाकृष्ण, देवकी, वसुदेव, नंद और यशोदा की वेशभूषा धारण कर पहुंचे थे। इस अवसर पर मटका सजाओ, कृष्ण झूला सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटकी सजाओ में प्रथम भावना सोनी, द्वितीय हेजल देवांगन, तृतीय हर्षिका सोनकर, पालना सजाओ में प्रथम भूमिका पटेल, द्वितीय विभूति पदमवार, तृतीय तारिणी बावने, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम आदित्य एण्ड ग्रुप एवं निर्मल एण्ड ग्रुप द्वितीय रहे। प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व हमें भगवान कृष्ण के आदर्श और उनके जीवन की गहराइयों को समझने का अवसर प्रदान करता है।

# सर्वोदय स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संचालित सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नीलू पवार पार्षद मराठापारा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती ममता शर्मा पूर्व पार्षद बनियापारा धमतरी, श्रीमती ए पाण्डे प्राचार्य सर्वोदय इंग्लिश हा.से. स्कूल धमतरी थे। अध्यक्षता टी.आर. सिन्हा संचालक सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल ने की। मुख्य अतिथि श्रीमती नीलू पवार ने स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत एक नया जोश भर दिया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती ममता शर्मा ने कहा कि हम स्वतंत्र भारत में निवास कर रहे हैं। यह स्वतंत्रता हमें स्वतंत्रता सेनानियों की बलिदानों से प्राप्त हुई है। इसे व्यर्थ न






जाने दें और इसका हमेश सम्मान बनाये रखें। टीआर सिन्हा ने कहा कि जिन्दगी में आगे बढ़ने के लिए जरूरी है कि आप कड़ी मेहनत और लगन से कार्य करें। सफलता आपकी कदम चूमेगी। श्रीमती ए पाण्डे ने भी अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यकम समापन की घोषणा शिक्षिका श्रीमती रेखा शर्मा ने की।

# लोहरसी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी में हमारा राष्ट्रीय अभियान, एक पेड़ शहीदों के नाम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष मनोज राठी ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय अभियान एक पेड़ शहीदों के नाम है। विद्यालय परिसर में आम, अमरूद, आंवला के पौधे रोपे गए। ग्राम लोहरसी के सार्वजनिक स्थल में वट का पौधारोपण किया। मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री एवं गीतांजलि आराध्या सेवा संस्थान धमतरी के संस्थापक निर्मल साहू ने कहा कि मानव सेवा ही देश की सेवा है। विशिष्ट अतिथि सशस्त्र बल छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान जितेंद्र कुमार साहू ने विद्यालय को तीन नग ऑफिस चेयर भेंट किया। विशिष्ट अतिथि श्रीकांत भट्टड़,




कुलेश्वर गंजीर, पूरनलाल तारक, भगवती राम साहू, श्रीमती सुरुचि यादव, श्रीमती नेमिन निषाद ने भी सभा को संबोधित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ध्वजारोहण उपरांत प्रभात फेरी निकाली। मंच संचालन झामिन साहू ने किया।

भाषण, कविता प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से हेमंत गजेंद्र प्रथम, भूमि गजेंद्र द्वितीय एवं विवेक तृतीय स्थान को प्राप्त किया। प्राथमिक विभाग से कुमुद साहू प्रथम, नवीन देवांगन एवं पायल साहू द्वितीय तथा पीयूष सिन्हा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूर्व प्राथमिक विभाग से हिवन्या प्रथम, कुणालिका एवं जान्हवी द्वितीय एवं तन्मय तृतीय रहे।

डांस प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से भार्गवी शांडिल्य ग्रुप प्रथम, निधि यादव ग्रुप द्वितीय एवं डायमंड ग्रुप तृतीय रहा। प्राथमिक विभाग से कुमुद साहू ग्रुप प्रथम, गुनगुन साहू ग्रुप द्वितीय एवं धैर्य ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं नवीन कानून क्रियान्वयन पर हुई समन्वय बैठक

# दोपहिया वाहन से दफ्तर आते-जाते समय हेलमेट का उपयोग करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त भारत अभियान, पशु क्रूरता निवारण तथा नवीन कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर समन्वय बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने की। इस अवसर पर जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर द्वय रीता यादव, इंदिरा देवहारी, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी मीना साहू, मोनिका मरावी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य नशे की गिरफ्त में जा रहा है, जिसे रोकने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा और ठोस कदम उठाए जाए। उन्होंने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक संगठित व समर्पित प्रयास की आवश्यकता है। अब तक नशे के कारोबार से जुड़े कुछ व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है



तथा मादक पदार्थ भी जब्त किए गए हैं। नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े ठेले-गुमटियों को व्यवस्थित करें और उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई करें। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध भी सख्ती से कार्रवाई करने कहा। खाद्य एवं औषधि निरीक्षकों को नियमित रूप से दवाइयों की दुकानों का निरीक्षण करने तथा अमानक पाए जाने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने तथा आवश्यक सुरक्षा साधनों का उपयोग करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सड़क में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में हेलमेट का उपयोग करने की अपील की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले के सभी सरकारी जिला प्रमुखों को अवगत कराएं कि वे अपने अधिकारी-कर्मचारियों को समझाईश दें कि दोपहिया वाहन से दफ्तर आते-जाते समय हेलमेट का उपयोग करें, ताकि उन्हें इसकी नियमित आदत हो जाए और वे जब भी दोपहिया वाहन का उपयोग करेंगे तो हमेशा हेलमेट पहनकर ही निकलेंगे।

## अंचल की खबरें

### सिलौटी स्कूल में निकाली गई तिरंगा रैली



**धमतरी**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में तिरंगा रैली निकाली गई। यह रैली गांव के मुख्य मार्ग, अस्पताल, गली, मोहल्ले से होते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया गया। रैली का समापन बाजार चौक में हुआ। रैली को संबोधित करते हुए व्याख्याता संतोष कुमार जैन ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। वहीं स्वच्छता स्वस्थ जीवन और सुंदर भारत का आधार है। रैली में एके यादव, जेएन सोनवानी, एचआर साहू, सीपी साहू, वायके सेन, एनआर साहू, रानी साहू, एनके साहू, एचके साहू समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### तेंदूकोना स्कूल में आजादी का पर्व मना



**धमतरी**। प्राथमिक व माध्यमिक शाला तेंदूकोना में आजादी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्राथमिक शाला भवन में ध्वजारोहण डायमंड ध्रुव तथा सुखदेवराम यादव द्वारा किया गया। माध्यमिक शाला भवन में उपसरपंच श्रीमती टुमेश्वरी ध्रुव ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। बच्चों द्वारा गीत, कविता, भाषण व देशभक्ति तथा छत्तीसगढ़ी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि श्रीमती टुमेश्वरी ध्रुव, देवानंद नेताम, प्रेम ध्रुव, दुलेश्वरी टंडन, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रमेश मरकाम, ललित ध्रुव, शिक्षाविद शिवनंदन ध्रुव, गणेशराम बंजारे, दाऊलाल डाहरे, कल्याणसिंह पटौदी, प्राथमिक व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक ओमप्रकाश साहू, श्रीमती पद्मनी साहू व शिक्षकगण पारसनाथ सिन्हा, श्रीमती संगीता पवार थे। कार्यक्रम का संचालन हरीश कुमार साहू ने किया।

### बिरेतरा में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**धमतरी**। शासकीय विद्यालय बिरेतरा में स्वतंत्रता दिवस सम्मान मनाया गया जिसमें देशभक्ति का जज्बा, उत्साह और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अपने उद्बोधन में महापौर श्री रोहरा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल हर्षोल्लास का अवसर नहीं, बल्कि यह उन अमर बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है, जिनकी कुर्बानियों के कारण हम आज स्वतंत्र भारत के नागरिक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, शिक्षा और राष्ट्रसेवा के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं । देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविताएं और नाट्य मंचन ने पूरे माहौल को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी बच्चों को महापौर श्री रोहरा ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री महेन्द्र पण्डित, अखिलेश सोनकर, कुलेश सोनी, संतोष सोनकर, महेंद्र खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, अभिभावक और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**धमतरी**। परसुली स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड शिक्षक पीआर ध्रुव थे। अध्यक्षता सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद, सचिव तोरण निषाद, मेघनाथ भंडारी, उपसरपंच घनश्याम बांधे थे। स्कूल में झंडारोहण खम्हन लाल साहू ने किया। पंचायत में सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, उद्वहन सिंचाई समिति में सुकालु निषाद ने किया। मौके पर तुलसी बाई निषाद, कुमारी चंद्रवंशी, गौरी चंद्रवंशी, योगेश्वरी साहू, हेमलता साहू, नीलम डहरिया, प्रीतलाल निषाद, चित्रसेन, खुमेश्वर साहू, पोखराज साहू, देवानंद निषाद के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बेलरगांव स्कूल के छात्रों को दी चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी



**धमतरी**। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का, जिला महिला बाल विकास अधिकारी महेश मरकाम एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी बेलरगांव स्कूल के बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक नीलम साहू ने बताया कि टोल फ्री नंबर 1098 में बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी, बाल मजदूरी की सूचना दे सकते हैं। इस दौरान सुपरवाइजर अनुराग खलखो, प्राचार्य पीसी झा, शिक्षक एमएन साहू, स्पोर्ट टीचर विकास कोसरिया समेत स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### जमीन संबंधी पेंडिंग मामलों से लोगों की परेशानी बढ़ी

# खत्म नहीं हो रहा तहसील दफ्तर का फेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जमीन संबंधी कार्य ऑनलाइन होने के बाद भी लोगों की समस्याएं कम नहीं हो रही हैं। अभी भी लोगों को राजस्व प्रकरणों में तहसील, एसडीएम कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। कई मामले तो ऐसे हैं, जिसमें महीनों के इंतजार के बाद लोगों की समस्याएं दूर नहीं हो रही हैं।

अधिकारियों की लापरवाही की वजह से कई लोगों का जमीन संबंधी दस्तावेज लंबे समय से दुरूस्त नहीं हो पाया है। एक मामले में तो ग्राम खपरी के ओमप्रकाश की दादी सालों पहले जमीन बेची थी। दादी को गुजरे 30 साल हो गए हैं। बी-वन, खसरा दुरूस्त हो चुका है, लेकिन नक्शा में अभी तक समस्या है। उसने बताया कि कई बार पटवारी और कोटवार को नक्शा दुरूस्त करने के लिए निवेदन किया जा चुका है लेकिन नक्शा अब तक दुरूस्त नहीं किया जा रहा है। इस गड़बड़ी के चलते भुइयां साफ्टवेयर में नक्शा में उनका नाम नहीं दिखाई दे रहा है। राजस्व विभाग की इस त्रुटि के चलते उन्हें मोटरपंप के लिए स्थायी बिजली कनेक्शन नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि जमीन संबंधी ऐसे ही कई प्रकरण पेंडिंग हैं, जिसमें किसानों को परेशान हो पड़ रहा है।

## सुविधा के बिना लोग परेशान



तहसील कार्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि तहसील कार्यालय और एसडीएम कार्यालय में रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यहां पर न तो पीने के लिए शुद्ध और ठंडे पानी की व्यवस्था है और न ही स्वच्छ प्रसाधन की। शौचालय में साफ सफाई की स्थिति काफी खराब है। एआर ठाकुर, शिवचरण नेताम, हुलार सिंह, ओंकार नेताम, हरिशंकर मरकाम ने व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है।

## कई प्रकरण रिकार्ड में ही नहीं

वर्तमान में जिले के राजस्व न्यायालय में 2019 प्रकरण लंबित हैं। इनमें से 14 प्रकरण तो ऐसे हैं, जो 5 साल से ज्यादा पुराने हैं। 176 प्रकरण सालभर से ज्यादा पुराने हैं। 251 प्रकरण साल भर के भीतर वाले हैं। वहीं 1611 प्रकरण छह माह के भीतर वाले हैं। इसमें नक्शा खसरा की प्रविष्टि में त्रुटि संबंधी मामले 176 हैं। सबसे ज्यादा परेशान लोग इसी प्रकार की त्रुटियों से हैं। बदोबस्त त्रुटि भी लोगों की परेशानी का एक बड़ा कारण है। विडंबना यह है कि पेंडेंसी कम दिखाने के लिए कई प्रकरण रिकार्ड में नहीं लिए गए हैं।

# जिलाबदर बदमाश शहर में घूमते पड़काया

■ कोतवाली पुलिस की लगातार दूसरी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले से एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया गया निगरानी बदमाश बिना अनुमति के वापस आकर शहर में घूम रहा था। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जिलाबदर निगरानी बदमाश हेमंत राजपूत उर्फ बिट्टू पिता संजय सिंह उम्र 29 वर्ष रामपुर वार्ड निवासी को बिना अनुमति के धमतरी जिले में प्रवेश कर गौशाला मैदान के पास घूमने की सूचना मिली। जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस तत्काल गौशाला मैदान पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी के पास जिले में प्रवेश का कोई वैध दस्तावजेज नहीं पाया गया। पुलिस ने आरोपी हेमंत को कोतवाली में धारा 223 बीएनएस तथा 14, 15 छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी हेमंत राजपूत उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी को 28 अक्टूबर 2024 को एसपी की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी द्वारा जिलाबदर किया गया था। कार्रवाई के बावजूद आरोपी ने नियमों का उल्लंघन कर बिना अनुमति के जिले में प्रवेश किया था। गुण्डा बदमाशों के खिलाफ पुलिस की इस प्रकार की कार्रवाई लगाजार जारी रहेगी। ज्ञात हो कि तीन दिन पहले कोतवाली पुलिस ने बिना अनुमति के जिले में प्रवेश कर मकई तालाब किनारे स्थित स्कूल के पास चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे जिलाबदर बदमाश हितेश नेताम को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया था।

## सिंधी समाज ने मनाया चालीसा महोत्सव

**कुरूद**। सिंधी समाज कुरुद द्वारा ईष्टदेव श्री झूलेलाल का चालीस महोत्सव मनाया गया। 40 दिन तक सिंधी गुरुद्वारा में सिंधी समाज की महिलाओं द्वारा नियमित रूप से सुबह और शाम को श्री झूलेलाल की आरती, अरदास कर चालीसा महोत्सव मनाया गया। बुधवार को चालीसवें दिन चालीसा महोत्सव के समापन पर सिंधी व्यंजन कढ़ी चावल का भोग लगाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से विद्या बजाज, सुमन बजाज, अलका बजाज, चांदनी वर्दयानी, रिंकी पंजवानी, मधु बजाज, भारती सुंदरानी, झंकार, संगीता, सिमरन, दिव्या, स्वाति बजाज, सोनल, कनक, भाविका, मुस्कान, मनीषा, कीर्ति, नेहा, मधु, सुनीता सचदेव, कंचन आदि उपस्थित थे।

## ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी**। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 35 दिनों का ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष आयु की बेरोजगार ग्रामीण महिलाओं से 25 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशक बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 35 सीट आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के दौरान फेशियल, थ्रेडिंग, आईब्रो, मैनीक्योर, पेडीक्योर, डिटेनिंग, थर्मो हब फेशियल, पार्टी मेकअप, दुल्हन मेकअप आदि सहित उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।







# गोलबाजार में कचरा फैलाने वालों पर निगम ने लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम की टीम ने बुधवार को शहर के व्यस्ततम क्षेत्र गोलबाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ फुटकर व्यवसायियों द्वारा दुकान के आसपास कचरा फेंककर बाजार परिसर को अस्वच्छ बनाया जा रहा था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निगम अमले ने संबंधित व्यवसायियों पर जुर्माना लगाया।

साथ ही उन्हें भविष्य में कचरा सड़क पर न फेंकने और निर्धारित डस्टबिन में ही डालने की सख्त हिदायत दी।

अधिकारियों ने व्यवसायियों को समझाइश देते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। यदि व्यापारी और आमजन सहयोग करेंगे तो ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखा जा सकेगा। निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कचरा फैलाते पाया गया तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।
















संकलनकर्ता- यशवंत गंजीर, हरिभूमि संवाददाता कुरूद, मो. 9826882770 ; 7987345385